प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 14 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी क्रम में अनिल धीरूभाई अंबानी समूह या लोकप्रिय रूप से रिलायंस एडीए समूह के रूप में मैसर्स रिलायंस एडीए ग्रुप लिमिटेड (बीएसइएस यमूना पावर लि.) को जाना जाता है और यह कम्पनी एक भारतीय समूह कम्पनी है। कम्पनी में 15 बी.टेक. (इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग) के विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया, जिसमें कम्पनी द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से 2 विद्यार्थियों, आकर्ष सक्सेना एवं काजल गुसाई का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के समय ही प्रतिवर्ष रू. 5 लाख का पैकेज देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।

(1) आकर्ष सक्सेना

(2) काजल गुसाई